# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–27 अगस्त 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आज खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार, 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को प्रतिबद्ध है।

***हमारी सरकार भारत में 21वी सदी का आधुनिक पॉस इकोसिस्टम बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज पॉश यूनिवर्सिटी से लेकर आधुनिक ट्रेनिंग सेंटर तक देश में एक ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है जिसमें प्रतिभा को पहचानने से लेकर उसे दुनिया के मंच तक पहुंचाने तक हर स्तर पर सहयोग मिले।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लाल किले की प्राचीर से 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों में खेल प्रतिभा खोजने के लिए बड़े प्रतिभा खोज अभियान की घोषणा की थी।

***लाल किले से मैंने 5 साल की उम्र से 15 साल की उम्र के खिलाडियों की पहचान करने के लिए एक बडे टैंलेंट हंट अभियान का ऐलान किया है और इसमें भी हमें केवल यह नही देखना है कि किस बच्चे की किस खेल में रूचि है बल्कि यह भी देखना है कि कौन सा बच्चा किस खेल के लिए फिट है हमें उस हिसाब से ही उन बच्चों को ट्रेनिंग देनी होगी।***

प्रधानमंत्री का यह संबोधन प्रदेश के करीब एक सौ पचास स्थानों सहित देश भर में पन्द्रह सौ स्थानों पर सुना गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति के तहत 107 स्टार्टअप्स को 3.42 करोड़ रूपये से अधिक और 9 इनक्यूबेटर्स को 1.79 करोड़ रूपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। इस अवसर पर 'उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति 2026' पुस्तिका का विमोचन और 'उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन पोर्टल' का शुभारंभ भी हुआ। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से देश के कुल स्टार्टअप का 20 प्रतिशत यूपी के अंदर सुनिश्चित करने में योगदान देने की अपील की।

***आज यूपी के अंदर हमारे पास एक समर्पित पॉलिसी है। और मैं तो आपको इस बारे में कहूंगा कि जितनी संभावनाएं आपके पास उत्तर प्रदेश के अंदर हैं, अलग–अलग फील्ड में, अलग–अलग क्षेत्र में, उतनी संभावनाएं आपको देश और दुनिया के अंदर कहीं नहीं प्राप्त होंगी। आप उसको थोड़ा देखने का प्रयास तो करें, उस दिशा में थोड़ा आगे बढ़ने का प्रयास तो करें। और यूपी गवर्नमेंट आपके साथ खड़ी होकर के इस पूरे स्टार्टअप इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में हर प्रकार से मदद करने को तैयार है।***

**********

कानपुर नगर के ग्वालटोली थानाक्षेत्र में आज दिन में गंगा नदी के किनारे हुए एक प्रशिक्षण विमान हादसे में प्रशिक्षक पायलट और प्रशिक्षु पायलट की मौत हो गयी। कानपुर नगर के पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने विमान हादसे की पुष्टि की।

***यह दो लोगों की डेथ हो चुकी है। इसमें एक इंस्ट्रक्टर थे, यह सचिन भाटिया गुजरात के रहने वाले हैं। और यह अभिषेक पुजारी हैं, यह कर्नाटका के, यह ट्रेनी थे। और इंस्ट्रक्टर और ट्रेनी दोनों जो है 11:30 बजे इन्होंने टेकऑफ करा है। यहां पर गर्ग एविएशन ट्रेनिंग सेंटर है, वहां से 11:30 बजे इनका टेकऑफ होने के बाद करीब 11:50 के आसपास की यह इंसिडेंट है। और यह वापस जा रहे थे।***

**********

सुल्तानपुर जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर आज माइलस्टोन संख्या 96 के पास एक यात्री बस और ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। बल्दीराय के क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि इस हादसे में ग्यारह यात्री घायल हैं।

***आज दिनांक 27 अगस्त 2026 को समय करीब 5रू50 पर पीआरवी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बस और ट्रक में टक्कर हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां पर पहुंचने पर जानकारी हुई कि बस गुड़गांव, हरियाणा से सुपौल, बिहार जा रही थी। जिसमें बस में सवार 11 व्यक्ति घायल हो गए और तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। सभी घायल व्यक्तियों को सीएचसी पहुंचा दिया गया है।***

**********

पड़ोसी देश नेपाल में आई भयानक बाढ़ को देखते हुए प्रदेश में भी विशेष सतर्कता रखी जा रही है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल–एनडीआरएफ के महानिरीक्षक नरेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि प्रदेश के गोरखपुर जिले में बल की एक टीम तैनात की गई है।

***यूपी में कुशीनगर एरिया अफेक्ट होता है गोरखपुर के पास तो एक टीम वहां पर डायवर्ट कर दी गई थी। एक जो सीडब्ल्यूसी का भी इनपुट था कि उसका इफेक्ट बाल्मीकि नगर में बैराज है गंडक पर उसका जो पानी का डिस्चार्ज का फ्लो उसको मॉनिटर कर रहे है। फील्ड में अभी तक फ्लड का ज्यादा इम्पैक्ट नही पडा है।***

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज कहीं कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आज और कल कहीं कहीं गरज चमक के साथ बिजली गिरने की भी चेतावनी दी है।

**********